# पवई अतिक्रमण मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की बीएमसी को फटकार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने पवई में सड़क से अतिक्रमण न हटाने को लेकर बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) को कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि अतिक्रमणकारियों को खुश करने की प्रवृत्ति बंद की जाए और कानून के तहत कार्रवाई की जाए।

न्यायमूर्ति रविंद्र घुगे और न्यायमूर्ति अभय मंत्री की पीठ ने निगम के उस तर्क को 'घोर लापरवाही' और 'कमजोर बहाना' बताया, जिसमें कहा गया था कि संबंधित सड़क निजी संपत्ति पर स्थित होने के कारण वहां से अतिक्रमण हटाया नहीं जा सकता।

## कोर्ट की तीखी टिप्पणी

अदालत ने BMC के हलफनामे पर हैरानी जताते हुए कहा कि यह तर्क स्वीकार्य नहीं है कि सड़क सार्वजनिक उपयोग में होने के बावजूद निजी संपत्ति होने के कारण कार्रवाई नहीं की जा सकती।

पीठ ने कहा कि इस प्रकार का रवैया अतिक्रमणकारियों को पूरा इलाका सौंपने के समान है। यह दर्शाता है कि नगर निकाय में समस्या से निपटने की इच्छाशक्ति, साहस और प्रशासनिक दृढ़ता का अभाव है।

## क्या है पूरा मामला?

यह मामला 'ब्यूमोंट एचएफएसआई स्कूल' और उसकी प्रधानाध्यापिका कल्याणी पटनायक द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि स्कूल के पास स्थित सड़क पर झुग्गीवासियों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि अतिक्रमण हटाने के बजाय BMC ने वहां रह रहे लोगों को मोबाइल शौचालय और पानी की सुविधाएं उपलब्ध करा दीं।

## सख्त निर्देश जारी

हाई कोर्ट ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि वे अगले 10 दिनों के भीतर सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए एक ठोस कार्ययोजना पेश करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह योजना केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक और प्रभावी होनी चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए मोबाइल शौचालयों को 48 घंटे के भीतर हटाने का सख्त आदेश दिया है।

# 45 मंजिला इमारत की नौवीं मंजिल पर आग



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के गोरेगांव स्थित गोकुलधाम इलाके में शुक्रवार सुबह एक 45 मंजिला इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। 'डीबी वुड' नामक इस बहुमंजिला इमारत की नौवीं मंजिल पर अचानक आग भड़क उठी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया गया।

फायर ब्रिगेड अधिकारियों के अनुसार, गोकुलधाम इलाके में स्थित इस इमारत में आग लगने की सूचना सुबह करीब 9.25 बजे प्राप्त हुई थी। इसके तुरंत बाद दमकल विभाग की कई गाड़ियां घटनास्थल पर रवाना की गईं।

दमकल कर्मियों ने इमारत में मौजूद लोगों को सुरक्षित रूप से रिफ्यूज एरिया और छत पर पहुंचाया। अधिकारियों ने बताया कि अब तक इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

भारी संख्या में दमकल और बचाव संसाधन तैनात मौके पर चार फायर इंजन, चार जंबो टैंकर, एडवांस वाटर टैंकर, टर्न टेबल लैडर, हाई-प्रेशर पंप और अन्य बचाव उपकरण तैनात किए गए।

आग बुझाने के कार्य में Mumbai Fire Brigade के साथ पुलिस, बिजली वितरण कंपनी और BMC के कर्मचारी भी सहयोग किया।

# मंत्रालय को भ्रष्टाचारालय बना दिया गया : सपकाळ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



राज्य के खाद्य एवं औषध प्रशासन मंत्री नरहरी झिरवाल के कार्यालय के एक कर्मचारी को मंत्रालय में रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े जाने के बाद लाचलुचपत विभाग द्वारा मंत्री कार्यालय सील किए जाने की घटना को बेहद गंभीर बताया गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ ने कहा कि इस प्रकरण ने भाजपा महायुति सरकार की साख को सार्वजनिक रूप से तार-तार कर दिया है।

## निष्पक्ष जांच के लिए इस्तीफे की मांग

हर्षवर्धन सपकाळ ने मांग की कि रिश्वतखोरी की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए मंत्री नरहरी झिरवळ को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री कार्यालय में रिश्वतखोरी सामने आना नैतिक जिम्मेदारी का गंभीर विषय है और इसकी गहन जांच आवश्यक है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में सचिवालय का नाम 'मंत्रालय' इसलिए रखा गया था ताकि सरकार जनता के करीब रहे, लेकिन भाजपा महायुति सरकार ने इसे "भ्रष्टाचारालय" बना दिया है। उन्होंने कहा कि झिरवळ के कार्यालय के लिपिक ने वरिष्ठों के कहने पर रिश्वत लेने की बात स्वीकार की है, जो और भी चौंकाने वाली है। सपकाळ ने कहा कि इस मामले में केवल लिपिक ही नहीं, बल्कि मंत्री नरहरी झिरवळ और उनके कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की भी गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री का "संबंध पाए जाने पर इस्तीफा दूंगा" कहना पर्याप्त नहीं है।

# प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की संयुक्त बैठक

### कार्यकर्ताओं का किया जाएगा मार्गदर्शन



**मुंबई।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और सभी जिलाध्यक्षों की संयुक्त बैठक मंगलवार, 17 फरवरी 2026 को कांग्रेस मुख्यालय तिलक भवन में आयोजित की जाएगी। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ की अध्यक्षता में होगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ के साथ राज्य के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दिशा और आगामी रणनीति पर मार्गदर्शन करेंगे।

## 'संघटन सृजन प्रक्रिया' पर विशेष सत्र

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय वॉर रूम के प्रमुख सांसद शशिकांत सेंथिल 'संघटन सृजन प्रक्रिया' विषय पर मार्गदर्शन करेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार राजू परुळेकर 'कांग्रेस को विचारधारा की राजनीति क्यों करनी चाहिए?' विषय पर व्याख्यान देंगे। वरिष्ठ पत्रकार अमेय तिरोडकर 'महाराष्ट्र की बदलती राजनीतिक संस्कृति' विषय पर अपने विचार रखेंगे। यह जानकारी संगठन व प्रशासन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट गणेश पाटील ने दी। बैठक में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और भविष्य की राजनीतिक रणनीति पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है।

# प्रदेश कांग्रेस में विमुक्त जाति-भटक्या जमाती विभाग का गठन

### एडवोकेट पल्लवी रेणके को इस विभाग का प्रमुख नियुक्त किया गया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत कार्यरत 'विमुक्त जाति एवं भटक्या जमाती सेल' को अब औपचारिक रूप से 'विमुक्त जाति एवं भटक्या जमाती विभाग' में परिवर्तित किया गया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ के आदेश पर एडवोकेट पल्लवी रेणके को इस विभाग का प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति 13 फरवरी 2026 को घोषित की गई।

## राज्य की आबादी में 11% हिस्सा, फिर भी उपेक्षा



महाराष्ट्र में विमुक्त जातियों और भटक्या जमातियों की आबादी राज्य की कुल जनसंख्या का कम से कम 11 प्रतिशत है। सामाजिक न्याय की स्थापना के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने राज्य निर्माण के समय से ही इन समुदायों को शिक्षा और रोजगार में आरक्षण की नीति अपनाई है। इसके बावजूद कडकलक्ष्मी, वैदू, गोंधळी, जोशी, वासुदेव, बहुरूपी, भराड़ी, डोंबारी, टकारी, रामोशी, लमाण सहित लगभग 40 जनजातियां आज भी अपने पारंपरिक भटकंत जीवन और व्यवसाय के कारण संगठित नहीं हो सकी हैं और विकास की मुख्यधारा से दूर हैं।

## वंचित समुदायों को संगठित करने का संकल्प

इन वंचित समुदायों को एकजुट कर उन्हें विकास की धारा से जोड़ने का संकल्प महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लिया है। इसी उद्देश्य से 'विमुक्त जाति एवं भटक्या जमाती विभाग' को मजबूत करने का निर्णय किया गया है, ताकि इन समाज समूहों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाया जा सके और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा सकें।

# लोअर परेल वर्कशॉप में डबल डेकर कोच में भीषण आग



### दमकल विभाग ने एक घंटे में पाया काबू

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

लोवर परेल स्थित वेस्टर्न एक्सप्रेस की वर्कशॉप में शुक्रवार दोपहर मरम्मत के लिए खड़े एक डबल डेकर कोच में अचानक भीषण आग लग गई। आग से उठते काले धुएं के गुबार दूर-दूर तक दिखाई दिए, जिससे वर्कशॉप परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि कोच के भीतर कोई यात्री मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना उस समय हुई जब वर्कशॉप में नियमित रखरखाव का कार्य चल रहा था। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे कोच को अपनी चपेट में ले लिया। कोच की खिड़कियों से आग की लपटें बाहर निकलती दिखाई दीं।

वर्कशॉप में मौजूद अग्निशमन यंत्रों से कर्मचारियों ने शुरुआती प्रयास किए, लेकिन आग बढ़ने पर दमकल विभाग को सूचना दी गई।

## राहत और बचाव कार्य

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। रेलवे और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयासों से लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग की चपेट में आने से डबल डेकर कोच का आंतरिक हिस्सा, सीटें और इलेक्ट्रिकल वायरिंग पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि वर्कशॉप की अन्य बोगियों को समय रहते सुरक्षित कर लिया गया। चूंकि आग वर्कशॉप परिसर के भीतर लगी थी, इसलिए पश्चिम रेलवे की लोकल और लंबी दूरी की ट्रेनों के परिचालन पर कोई सीधा असर नहीं पड़ा। रेलवे प्रशासन के अनुसार प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।


**मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा संख्या: केवायएन-एलडी-585-डब्लु-760-कांट कार्य का विवरण:** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के भिवपुरी स्टेशन पर ७५ मीटर तक और लूप लाइन के विस्तार के संबंध में मौजूदा ओएचई में परिवर्तन। **अनुमानित लागत:** ₹92,15,449.31/-, **ईएमडी:** ₹1,84,300.00/-, **निविदा प्रपत्र का शुल्क:** ₹0.00। **समापन अवधि:** 12 महिने ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि **दि. 09-03-2026 को 11:00 बजे** है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकारी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है।

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें 899

**मध्य रेल**
**खुली निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा संख्या: केवायएन-एलडी-585-डब्लु-75–कांट-आर 1**

**कार्य का विवरण:** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के दक्षिण-पूर्वी खंड में KYN-LNL के बीच पैदल यात्रियों या मवेशियों के लिए सबवे की व्यवस्था करने और अतिक्रमण को रोकने के लिए मौजूदा ओएचई में परिवर्तन। **अनुमानित लागत:** ₹1,34,38,762.49, **ईएमडी:** ₹2,17,200/-, **निविदा पपत्र का शुल्क:** 0.00, **समापन अवधी:** 12 महिने, ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 09.03.2026 को 11:00 बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है.

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें 901

**मध्य रेल**
**पसन्द की अभिव्यक्ति**

**नोटिस क्र.: L.No.KYN/H/E/lab/outsourcing**

मंडल रेल अस्पताल, कल्याण द्वारा रेल लाभार्थियों के लिए मंडल रेल अस्पताल कल्याण, उपमंडल रेल अस्पताल इगतपुरी, लोनावाला स्वास्थ्य केंद्र, थाना स्वास्थ्य केंद्र, कुर्ला स्वास्थ्य केंद्र, मादुंगा स्वास्थ्य केंद्र, परेल स्वास्थ्य केंद्र, सीएसएमटी स्वास्थ्य केंद्र, जुईनगर स्वास्थ्य केंद्र और पनवेल स्वास्थ्य केंद्र के लिए NABL मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में पैथोलॉजी जांच की आउटसोर्सिंग और के लिए मासिक भुगतान के अंतर्गत दो साल की अवधि के लिए मुहर बंद पसन्द की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है। **विवरण: कार्य का नाम: टिप्पणी:** मंडल रेल अस्पताल कल्याण, उपमंडल रेल अस्पताल इगतपुरी, लोनावाला स्वास्थ्य केंद्र, थाना स्वास्थ्य केंद्र, कुर्ला स्वास्थ्य केंद्र, मादुंगा स्वास्थ्य केंद्र, परेल स्वास्थ्य केंद्र, सीएसएमटी स्वास्थ्य केंद्र, जुईनगर स्वास्थ्य केंद्र और पनवेल स्वास्थ्य केंद्र के लिए NABL मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में पैथोलॉजी जांच की आउटसोर्सिंग। **आवेदन और करार/ समजौता विज्ञापन प्रस्तुत किया है जहाँ कार्यालय का पता:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मध्य रेल अस्पताल, पोस्ट-कल्याण (प) – 421 301, **हस्ताक्षर और मोहर के साथ आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** 12.03.2026, 14:00 बजे, **आवेदन बॉक्स खुलने का समय:** 12.03.2026, 14:00 बजे, **पूरा होने की अवधि:** प्रारंभ होने की तिथि से 2 बजे, **आवेदन पत्र की उपलब्धता:** 12.03.2025 का 13:00 बजे तक, वेबसाइट जहाँ सुचना अपलोड है: **www.cr.indianrailways.gov.in** रेल प्रशासन बिना कारण बताए एक या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें 904

**मध्य रेल**
**भुसावल मंडल**
**सिग्नलिंग कार्य**

डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन खुले ई-टेंडर, पात्र निविदाकारों से, मंडल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार), मध्य रेल, भुसावल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आमंत्रित किए जाते हैं।

| विषय | टिप्पणी |
|---|---|
| ई-टेंडर सूचना संख्या | BSL-SNT-38-2025-26 दिनांक: 12.02.2026 |
| कार्य का नाम | (1) **अप एवं डाउन लूप लाइन के विस्तार से वाघोडा स्टेशन (भुसावल मंडल) में 753 MCSR प्राप्त करने हेतु सिग्नलिंग कार्य।** (2) **भुसावल मंडल के BSL-KNW एवं BSL-BD खंड में (TRR/CTR कार्य) के संबंध में विभिन्न सिग्नलिंग कार्य।** |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹2,35,96,841.35 (रुपये दो करोड़ पैंतीस लाख छियानवे हजार आठ सौ इकतालीस एवं पैंतीस पैसे मात्र)। |
| बिड सिक्योरिटी | ₹2,68,000/- (रुपये दो लाख अड़सठ हजार मात्र)। |
| कार्य पूर्णता अवधि | **LOA जारी होने के बाद 09 महीने।** |
| बोली प्रारंभ तिथि | 20.02.2026 |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | **06.03.2026, दोपहर 15:00** बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **06.03.2026, दोपहर 15:30 बजे** (यदि संभव हो)। |

वेबसाइट जहां निविदा का पूर्ण विवरण उपलब्ध है **www.ireps.gov.in**

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें 20

गृहनिर्माण विभाग

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

जा.क्र.SRA/CO/OW/२०२६/६९९२
दि: १३/०२/२०२६

**- : सर्वसाधारण सभेची नोटीस : -**

२/-न.भू.क्र.३ (भाग), ४ (भाग) व १/४ (भाग), पंचशिल नगर सेवा संघ क्र. ३, आणिक आगार शेजारी सायन (पूर्व), मुंबई- ४०० ०२२ या मिळकतीवर मुंबई महानगरपालिका विकास नियंत्रण व प्रोत्साहन नियमावली २०३४ मधील नियम ३३ (१०) अंतर्गत **नियो. पंचशिल एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, नियो. सिध्दार्थ नगर एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था** व नियो. सावित्रीबाई फुले नगर एस. आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था या संस्थांची पुनर्वसन योजना राबविण्यासाठी विकासक श्री. हर्ष एस. गडा (मेसर्स सेजल सिध्दा रिअल्टर्स एलएलपी) व वास्तुविशारद श्री. शांताप्रसाद पी. क्षेत्रमार्डे (मेसर्स संकल्प असोशिएटस्) यांचेमार्फत प्रस्ताव दाखल केलेला आहे.

तथापि, परिपत्रक क्र. १४४ (ड), दि. २३/०४/२०२४ नुसार विषयांकित संस्थेच्या पुनर्वसन योजनेतील झोपडीधारकांची सभा घेणेकामी प्राधिकरणाकडील सहकार विभागामार्फत दि. १३/०२/२०२६ रोजीच्या पत्रान्वये प्राधिकृत अधिकारी म्हणून माझी नियुक्ती केलेली आहे.

त्यानुसार सदरची सभा **शनिवार, दि. २८/०२/२०२६ रोजी सकाळी १०.०० वा. स्थळ आनंद नारायण दळवी मैदान, सायन बेस्ट डेपोच्या पाठीमागे, इंदिरा मार्केट जवळ, मुंबई- ४०० ०२२** येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे.

सदर सभेस संस्थेच्या प्रारुप परिशिष्ट-२ मध्ये समाविष्ट झोपडीधारकांनीच आवश्यक त्या ओळखपत्रासह उपस्थित रहावे.

**सभेपुढील विषय**

**१. नियो. संस्थेचे मुख्य प्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.**
**२. नियो. संस्थेचे नविन विकासक व वास्तुविशारद यांची निवड करणे.**

दिनांक : १३/०२/२०२६
ठिकाण : बृहन्मुंबई

सही/-
**विरधवल जाधव)**
प्राधिकृत अधिकारी, तथा सहकारी अधिकारी
श्रेणी-2 झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई

सुचना :
१. सभेस संस्थेच्या प्रारुप परि-२ मध्ये समाविष्ट झोपडीधारक पतिपत्नी यांच्यपैकी एकच व्यक्तिस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
२. प्रारुप परि-२ मध्ये समाविष्ट व्यक्तींनी स्वतःची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड/पॅन कार्ड अथवा निवडणूक ओळखपत्र, इत्यादी) उपस्थित रहावे. ३. नियो, संस्थेच्या झोपडीधारकांना सभागृहात प्रवेश देतेवेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थित नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमेट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
४. सभेच्या कामकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रीकरण करण्यात येईल.

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
म्हाडा MHADA
**(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई )**
**टेलीफोन नंबर 022-66405484, ई-मेल - eecityslum@gmail.com**

संदर्भ क्रमांकः EE/City/MSIB/e-tender/90/2025-26

**ई-निविदा सूचना क्रमांकः 90**

कार्यकारी अभियंता (नगर) प्रभाग, मुंबई स्लम सुधार मंडल (MHADA की इकाई), कक्ष क्रमांक 539, चतुर्थ तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 दूरभाषः (022) 66405484 द्वारा ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से पंजीकृत एवं उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों तथा शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्थाओं से बी-1 (प्रतिशत दर) प्रारूप में 09 कार्यों हेतु खुली / नियमित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र महाराष्ट्र शासन के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे तथा वहीं से अवलोकन एवं डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा प्रपत्रों को उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र उपलब्धता प्रारंभ दिनांकः 16.02.2026, प्रातः 01:05 बजे निविदा प्रपत्र उपलब्धता अंतिम दिनांकः 23.02.2026, अपराह्न 03:00 बजे यदि कोई संशोधन / परिशिष्ट जारी किए जाते हैं, तो वे केवल **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे। सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। शर्तयुक्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी।

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/93
म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम.एस.आई.बी. बोर्ड, मुंबई

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग**
**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (Solid Waste Management) |
| उप-विभाग | उप मुख्य अभियंता (एस.डब्ल्यू.एम.) परिवहन / कार्यकारी अभियंता परिवहन (शहर) |
| विषय | कार्यकारी अभियंता परिवहन (शहर) के अधीन विभिन्न गैराजों हेतु हाइड्रोलिक एवं न्यूमैटिक ऑटोमोटिव उपकरणों की खरीद। |
| बोली क्रमांक | 2026_MCGM_1278046_1 |
| बोली प्रारंभ दिनांक एवं समय | 14.02.2026, प्रातः 11:00 बजे के बाद |
| बोली समाप्ति दिनांक एवं समय | 20.02.2026, अपराह्न 04:00 बजे तक |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| ई-मेल | eetrcity@gmail.com |

पीआरओ/2988/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (परिवहन – शहर)
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
देवनार पशुवधगृह
विभाग – महाप्रबंधक, देवनार पशुवधगृह
**ई-निविदा सूचना**

Municipal Corporation of Greater Mumbai के आयुक्त द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 19.02.2026 तक पुनःप्राप्ति योग्य ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्यों का विवरण :** 1) देवनार पशुवधगृह में बकरी ईद 2026 के अवसर पर विभिन्न वाहनों की व्यवस्था संचालन एवं अनुरक्षण सहित किराये के आधार पर उपलब्ध कराना।
2) बकरी ईद 2026 के अवसर पर आने वाली बकरियाँ, भेड़ें एवं सींग वाले पशुओं के लिए जल आपूर्ति व्यवस्था हेतु पानी के टैंकर तथा आवश्यक एम्बुलेंस व्यवस्था (चालक, ईंधन एवं आवश्यक मानवबल सहित) किराये के आधार पर उपलब्ध कराना।
3) बकरी ईद 2026 के अवसर पर आने वाले पशुओं की जल आपूर्ति तथा धार्मिक वध व्यवस्था के लिए अस्थायी जल पाइपलाइन किराये के आधार पर स्थापित करना।

| क्र. | निविदा क्रमांक | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि | निविदा शुल्क | जमानत राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_MCGM_12771681 | 13.02.2026 | 19.02.2026 | रु. 7,260/- + 18% जीएसटी | 55,000/- |
| 2 | 2026_MCGM_12771911 | 13.02.2026 | 19.02.2026 | रु. 3,630/- + 18% जीएसटी | 35,000/- |
| 3 | 2026_MCGM_12771321 | 13.02.2026 | 19.02.2026 | रु. 3,630/- + 18% जीएसटी | 44,000/- |

अधिक जानकारी हेतु : इच्छुक एवं पात्र बोलीदाता ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी https://portal.mcgm.gov.in (For Partners Tenders View Select Department – Deonar Abattoir) पर प्राप्त कर सकते हैं। या महाप्रबंधक, देवनार पशुवधगृह, गोवंडी रेलवे स्टेशन के सामने, गोवंडी, मुंबई – 400043 से संपर्क कर सकते हैं।

पीआरओ/2976/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
महाप्रबंधक
देवनार पशुवधगृह

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।